प्रारा पारित किया.

:: मूल वाद में डिक्री ::
(आदेश 20 नियम 6–7 जा.दी.)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारीः– चिन्मयी गोपाल, आई.ए.एस,
मुकदमा नम्बर :–78/2016 राजस्व वाद
वादपत्र अन्तर्गत धारा 53–54 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955
श्री नंदा पिता देबी बैरवा, उम्र बालिग निवासी श्रीनगर(कोदूकोटा) तहसील व जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) —————वादी

बनाम

1–श्री रूपा पिता मेघा बैरवा, उम्र बालिग निवासी श्रीनगर(कोदूकोटा) तहसील भीलवाड़ा
2–श्रीमति धापू पत्नि मेघा बैरवा, उम्र बालिग निवासी श्रीनगर(कोदूकोटा) तहसील भीलवाड़ा
3–श्री देबी पिता किशना बैरवा, उम्र बालिग निवासी श्रीनगर(कोदूकोटा) तहसील भीलवाड़ा
4–मु0 घीसी पत्नि हीरा खटीक, उम्र बालिग निवासी कोदूकोटा तहसील व जिला भीलवाड़ा
5–बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा–सुवाणा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
6–राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार साहब, भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज0)
—————प्रतिवादीगण

————————

वादी की ओर से श्री कैलाश चन्द्र सोमाणी, एडवोकेट और प्रतिवादी संख्या 1 से 4 की ओर से श्री – एडवोकेट की उपस्थिति में इस वाद के आज दिनांक 27.12.2017 को न्यायालय के समक्ष अंतिम निपटारे के लिये पेश होने पर आदेश दिया जाता है कि और डिक्री की जाती है कि – और इस मद के खर्चे लेखों प्रतिशत रूपयों की राशि आज तारीख से वसूली तारीख तक उस पर प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज सहित द्वारा राशि – को दी जायें।

वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर डिक्री बहक वादी विरूद्व प्रतिवादीगण संख्या 1 से 4 के इस आशय की जारी की जाती है कि ग्राम कोदूकोटा पटवार हल्का कोदूकोटा तहसील व जिला भीलवाड़ा में स्थित हाल आराजी नम्बर 557, 558, 559, 560, 574 कुल किता 5 रकबा 5 बीघा 1 बिस्वा भूमि में वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 से 4 के मध्य मीट्स एण्ड बाउण्डस के आधार पर विभाजन किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। उसी अनुसार वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 से 4 के मध्य मीट्स एण्ड बाउण्डस के आधार पर विभाजन किया जावें। विभाजन स्कीम तैयार किये जाने बाबत प्रारम्भिक डिक्री की नकल तहसीलदार भीलवाड़ा को भिजवाते हुये लिखा जावें। खर्चा फरीकेन अपना–अपना वहन करें।

(चिन्मयी गोपाल)
आई.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी,
भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा (राज.)

आज दिनांक 27.12.2017 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी की गयी ।

उपखण्ड अधिकारी,
भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा (राज.)

Scanned by CamScanner